हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 3 जनवरी 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 आरोपियों ने कार को सिजिंग करने के बहाने...



07 शिकायतकर्ता की संतुष्टि निस्तारण का बन रहा ...



## खबर संक्षेप में

### शताब्दी वर्ष अंतर्गत हिंदू महासम्मेलन का आयोजन कल

**नलखेड़ा।** संघ शताब्दी वर्ष अंतर्गत चल रहे आयोजनों की कड़ी में नगर में रविवार को 10 बजे से दो स्थानों पर हिन्दू महासम्मेलन के आयोजन होंगे। नगर के पांडिया कालोनी मैदान पर माधव बस्ती एवं झीन परिसर में केशव बस्ती के महा सम्मेलन प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होंगे। दोनों सम्मेलनों के समापन पर सहभोज का भी आयोजन होगा। महा सम्मेलनो के आयोजन की तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी है। इसमें शामिल होने के लिए घर घर पीले चावल व पत्रक देकर प्रत्येक हिन्दू को सपरिवार आमंत्रित किया जा रहा है। आयोजन स्थलों पर भी मंच निर्माण सहित अन्य तैयारियां जारी है। हिन्दू सम्मेलनों को लेकर नगर को केशरिया पताकाओं से सजाया जा रहा है। ग्राम धरोला व पढ़ाना में भी संघ शताब्दी वर्ष अंतर्गत खंड स्तरीय हिन्दू महा सम्मेलन के आयोजन रविवार को होंगे।

### समाधान योजना की अवधि एक माह बढ़ाई

**नलखेड़ा।** शासन द्वारा प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को बिलों में राहत प्रदान करने संचालित समाधान योजना की अवधि एक माह बढ़ाई गई है। अब योजना में 31 जनवरी तक बकाया बिलों का भुगतान पर सरचार्ज में शत प्रतिशत की छूट मिलेगी। विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री रत्नेश अयाची ने बताया कि पूर्व में योजना 31 दिसंबर अंतिम तिथि थी, जिसे 31 जनवरी तक बढ़ाया गया है। योजना के तहत घरेलू, गैर घरेलू, सिंचाई और औद्योगिक बिल का भुगतान करने पर 100 प्रतिशत सरचार्च में छूट मिलेगी। विद्युत उपभोक्ता अपना बकाया बिल विद्युत वितरण केन्द्र पर जमा कर सरचार्ज में छूट प्राप्त करें।

### दुर्घटना पीड़ितों के लिए नगदी रहित उपचार स्कीम लागू

**सीहोर।** सड़क दुर्घटना में घायलों के त्वरित उपचार के लिए सड़क दुर्घटना पीड़ितों का नगदी रहित उपचार स्कीम क्रियान्वित की गई है। इसके तहत पीड़ित ऐसी दुर्घटना की तारीख से अधिकतम 7 दिन की अवधि के लिए किसी भी नाम निर्दिष्ट अस्पताल में प्रति पीड़ित एक लाख पचास हजार रुपए तक की रकम के नकदी रहित उपचार करा सकता है। गंभीर रूप से घायलों को गोल्डल आवर के अंदर अस्पताल तक में जाकर उनकी सहायता करने वाले राह-वीरों को प्रोत्साहन स्वरूप 25 हजार रुपए एवं सर्टिफिकेट दिया जा रहा है।

### बिजली कंपनी का उपाय एप हुआ अपग्रेड

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के अंतर्गत आने वाले 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं को अनेक सुविधाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराई गई हैं।

### नए साल की रात पुलिस मुस्तैद, शहरभर में वाहन चेकिंग, नशे में धुत चालकों पर कार्रवाई, पुलिस रही हर ओर मुस्तैद

# सीट बेल्ट-हेलमेट और दस्तावेज नहीं होने पर चालकों पर चालान, देर रात तक चला अभियान

अभियान के दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों की सघन जांच की गई। सीट बेल्ट नहीं लगाने, हेलमेट के बिना वाहन चलाने, वाहन के वैध दस्तावेज नहीं होने तथा ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वालों पर चालानी कार्रवाई की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा





नए साल के जश्न की चकाचौंध के बीच 31 दिसंबर की रात भैरुंदा में पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। जहां एक ओर लोग पार्टी, आतिशबाजी और पारिवारिक आयोजनों के माध्यम से नववर्ष का स्वागत कर रहे थे, वहीं दूसरी ओर कड़ाके की ठंड के बावजूद पुलिस जवान सड़कों पर तैनात रहकर शहर की सुरक्षा व्यवस्था संभालते दिखे। शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने के उद्देश्य से भैरुंदा पुलिस ने बुधवार रात अलर्ट मोड में रहते हुए व्यापक सुरक्षा और वाहन चेकिंग अभियान चलाया।

नगर सहित आसपास के कस्बों में उत्सव का माहौल रहने के कारण पुलिस ने किसी भी तरह की अव्यवस्था या दुर्घटना को रोकने के लिए पहले से ही रणनीति तैयार की थी। इसी क्रम में तीन अलग-अलग टीमों का गठन कर नगर के प्रमुख मार्गों, चौराहों, बाजार क्षेत्रों और संवेदनशील इलाकों में नियमित गश्त कराई गई। पुलिस की मौजूदगी से जहां आम नागरिकों ने राहत महसूस की, वहीं नियम तोड़ने वालों में भी हड़कंप देखने को मिला।

#### चेकिंग में नियम तोड़ने वालों पर सख्ती

अभियान के दौरान दोपहिया और चारपहिया वाहनों की सघन जांच की गई। सीट बेल्ट नहीं लगाने, हेलमेट के बिना वाहन चलाने, वाहन के वैध दस्तावेज नहीं होने तथा ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वालों पर चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस ने विशेष रूप से तीन सवारी बैठाकर दोपहिया वाहन चलाने वालों और नशे की हालत में वाहन चलाने की आशंका रखने वालों पर कड़ी नजर रखी। संदिग्ध प्रतीत होने वाले वाहनों को रोककर उनकी बारीकी से जांच की गई, ताकि किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि को समय रहते रोका जा सके।

#### संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी

भैरुंदा थाना प्रभारी घनश्याम दांगी ने बताया कि नए साल की रात शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता थी। इसी उद्देश्य से नगर के संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में टीमवार गश्त कराई गई। पुलिस जवानों को निर्देश दिए गए थे कि वे लगातार मूवमेंट में रहकर हर गतिविधि पर नजर रखें और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि पुलिस की सक्रियता के चलते पूरे क्षेत्र में माहौल शांतिपूर्ण बना रहा। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना सामने नहीं आई और नागरिकों ने सहयोगात्मक रवैया अपनाया। वाहन चेकिंग और गश्ती अभियान देर रात तक जारी रहा, ताकि जश्न के दौरान देर से लौटने वाले लोगों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सके।

#### सुरक्षित माहौल में हुआ नववर्ष का स्वागत

पुलिस की सख्ती और सतर्कता का असर यह रहा कि शहर में कानून-व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में रही। लोगों ने सुरक्षित और भयमुक्त वातावरण में नए साल का स्वागत किया। प्रशासन ने भी नागरिकों से अपील की कि वे भविष्य में भी ट्रैफिक नियमों का पालन करें और त्योहारों व आयोजनों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

## भारतीय स्टेट बैंक ने छात्राओं को साइकिल का किया वितरण



**नलखेड़ा।** नववर्ष के मौके पर भारतीय स्टेट बैंक शाखा नलखेड़ा द्वारा सीएसआर एक्टिविटी के अंतर्गत सांदीपनि विद्यालय में गरीब एवं जरूरतमंद छात्राओं के लिए साइकिल वितरण का कार्यक्रम रखा गया जिसमें 14 छात्राओं को भारतीय स्टेट बैंक द्वारा साइकिल वितरित की गई। साइकिल वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएमओ नगर परिषद नलखेड़ा मनोज नामदेव, बीआरसी चंदनबाला फाफरिया एवं प्राचार्य मनोज चतुर्वेदी थे। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय उज्जैन से रचना गौर, क्षेत्रीय प्रबंधक उज्जैन एवं मुख्य प्रबंधक आगर मालवा रविकांत, प्रबंधक मानव संसाधन कोक सिंह मेहरोत्रा एवं अन्य अधिकारी गण वीरेंद्रजी एवं आशुतोष श्रीवास्तव, भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक राजकुमार बैरागी उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा विद्यालय की 14 छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया।

## मौसम बिगड़ा, शीतलहर ने ठिठुराया, अलाव जले



**नलखेड़ा।** शुक्रवार की सुबह से ही क्षेत्र में मौसम बिगड़ चुका था। आसमान में बादल छाने के चलते जहां दिनभर सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए ऊपर से चल रही तेज ठंडी हवाओं से नागरिक ठिठुरने को मजबूर हो गए। दिनभर वातावरण में धुंध छाई रही। मौसम खराब होने से जनजीवन भी बुरी तरह प्रभावित हुआ। नागरिक घरों से देर से बाहर निकले। बाजार भी आम दिनों की तुलना में देर से खुले। मौसम खराब होने से बाजार में ग्राहकों का भी अभाव दिखाई दिया। शाम होते ही बाजार भी बंद होने लगे थे। शीतलहर से बचने के लिए या तो



नागरिक घरों में ही रहे या बाहर निकले तो ऊनी वस्त्र धारण करने के साथ ही अपने सिर व मुँह का भी बचाव करते हुवे टोपे अथवा मफलर बांध कर निकले। बाजार में अधिकांश दुकानों के सामने सुबह से शाम तक अलाव जलते रहे।

## पंचायत उप चुनावः जिला पंचायत सदस्य पद के लिए मतगणना संपन्न



**नलखेड़ा।** त्रि-स्तरीय पंचायत उप चुनाव अंतर्गत जिला पंचायत वार्ड क्रमांक-01, सुसनेर में सदस्य पद के मतों की गणना 2 जनवरी को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सुसनेर में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। नियुक्त गणनाकर्मियों द्वारा निर्वाचन आयोग के निर्देशन में मतगणना कार्य सुचारू रूप से पूर्ण किया गया। इसके लिए 13 टेबल लगाई गईं, जहां 3 राउंड में मतगणना की गई। निर्वाचन परिणामों की घोषणा 5 जनवरी को की जाएगी। मतगणना स्थल पर जिला निर्वाचन अधिकारी प्रीति यादव, एसपी विनोद कुमार सिंह, निर्वाचन प्रेक्षक पीके वर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आरपी वर्मा, एएसपी रविन्द्र कुमार बोयत, एसडीएम आगर मिलिन्द ढ़ोके, एसडीएम सुसनेर सर्वेश यादव, एसडीओपी देवनारायण यादव, नोडल अधिकारी जितेन्द्र सिंह सेंगर उपस्थित रहे।

## नागेश्वर तारक तीर्थ धाम पर मंदिर की वार्षिक वर्षगांठ पर ध्वजारोहण आज

### लाभार्थी परिवार द्वारा मंदिर शिखर पर चढ़ाई जाएगी नूतन ध्वजा




**नलखेड़ा।** ग्राम लालूखेड़ी में स्थित श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ तारकतीर्थ धाम पर मंदिर की वर्षगांठ पर विभिन्न धार्मिक आयोजन के साथ मंदिर शिखर पर 14वीं नूतन ध्वजारोहण का कार्यक्रम आज हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।

नलखेड़ा-आमला मार्ग पर स्थित ग्राम लालूखेड़ी में श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ तारक तीर्थधाम स्थित है। यहां पर मंदिर में परमात्मा पार्श्वनाथ की नयनाभिराम दिव्य अलौकिक प्रतिमा के साथ अनंत लब्धि निधान गुरु गौतम स्वामी जी, तपागच्छ के अधिष्ठायक देव मणिभद्रवीरजी के साथ अन्य गुरु भगवन्तों की प्रतिमाओं की प्राण- प्रतिष्ठा का कार्यक्रम मालवरत्न शिरपुर महातीर्थ के संस्थापक वीररत्न विजयजी म .सा. आदि गुरुभगवंतों के सानिध्य में संपन्न हुआ था। ऐसे चमत्कारी तीर्थ स्थल पर 3 जनवरी को मंदिर जी की वार्षिक वर्षगांठ के अवसर पर विभिन्न आयोजन संपन्न होंगे। मंदिर शिखर पर विजय मुहूर्त 12:39 में ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके पूर्व परमात्मा की सत्तरभेदी पूजन प्रात 9:30 बजे हेमप्रभा महिला मंडल द्वारा पढ़ाई जाएगी। तत्पश्चात स्वामीवात्सल्य का कार्यक्रम भी होगा। समस्त कार्यक्रमों के लाभार्थी इंद्रमल चौथमल फाफरिया सराफ परिवार नलखेड़ा रहेगा। इस अवसर पर लाभार्थी फाफरिया परिवार का बहूमान ट्रस्ट मंडल की ओर से किया जाएगा।

### बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे बाबा श्याम के भजन सुनने

## साल के पहले दिन नगर में हुआ बाबा श्याम का कीर्तन






**कानड़।** नया साल साल सवारे के नाम क्षेत्रीय विधायक मधु गहलोत के सफल 2 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबूलाल बिजापारी की जन्मदिन के उपलक्ष पर नगर में एक शाम खाटू वाले के नाम और नया साल सांवरे के साथ ₹ कार्यक्रम नगर के नवीन बस स्टैंड पर खाटू श्याम के भव्य कीर्तन का आयोजन बाबूलाल बिजापारी मित्र मंडल एवं कीर्तन में दिव्य दरबार श्री इच्छा पूर्ण बालाजी सरकार द्वारा लगाया गया। कार्यक्रम का आयोजन मनीष शर्मा मित्र मंडल द्वारा किया गया।

खाटू वाले श्याम के इस कीर्तन के भव्य दरबार में खाटू वाले श्याम का दिव्य दरबार सजाया गया बाबा श्याम का आलौकिक एवं दिव्य श्रृंगार किया गया। बाबा शाम को 56 भोग लगाया गया बाबा श्याम के दरबार में दिव्य ज्योत शाम के दरबार मे प्रज्वलित की गई। कीर्तन में भजन गायक शुभम, भजन गायिका आकृति मिश्रा ओर पचोर से आई भजन गायिका राधिका महेश्वरी के द्वारा सुंदर-सुंदर बाबा श्याम के एवं वीर बजरंगबली के एक से बढ़कर एक भजन सुनाए गए। वृंदावन की गलियों में मेरे श्याम का बसेरा है दुनिया वाले क्या जाने मेरा श्याम से रिश्ता पुराना है जैसे भजन पर श्रद्धालु झूम उठे।

### कृष्ण रुक्मिणी विवाह प्रसंग में झूमे श्रद्धालु

## भगवान को भाव से पाया जा सकता हैः पं. उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़







नगर के रायपुरिया रोड़ पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा अंतिम चरण की ओर बढ़ते हुए कथा के छठे दिन की कथा प्रारंभ करते हुए कथा वक्ता पं. सुनील उपाध्याय व्यास ने गिरीराज पर्वत की महिमा का बखान करते हुए भगवान श्रीकृष्ण की कंस वध सहित अनेक लीलाओं का वर्णन करते हुए ब्रज की श्रेष्ठतम लीला रास लीला का वर्णन किया। कथा को विस्तार देते हुए बताया कि भगवान को भाव से पाया जा सकता है अर्थात आप जितना भक्ति में लीन होकर तथा निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा करोगे उतना ही भगवान की कृपा को स्त्रङ्क आना आसान है।

कथा में जब भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग को सुनाया कि कैसे भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मिणी का विवाह शिशुपाल साथ होने वाला था तभी रुक्मिणी ने कृष्ण को पत्र लिखकर उनसे विवाह की बात कही तो रुक्मिणी को श्रीकृष्ण ने भरी सभा से हरण कर विवाह किया। इसी तरह कथा में भी रुकमणी को कृष्ण भगा कर ले गए। कथा के विराम चरण में रुकमणी विवाह उत्सव में राधा रूक्मणी की वेश धारण कर बालिका कथा पंडाल में आए तो पांडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। पांडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं ने नचाते गाते आनंद लिया साथ ही महाराज द्वारा गाए होली के भजनों पर मस्ती में झूमकर फूलों की होली खेली।

## खबर संक्षेप

### होटल में लगी आग दमकल ने पाया काबू



**देवास।** एबी रोड स्थित सम्राट होटल में शुक्रवार को अज्ञात कारणों से आग लग गई। यह आग होटल की दूसरी मंजिल के एक कमरे में लगी थी, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। आग लगने की सूचना मिलते ही नगर निगम से दमकल की गाडियां मौके पर पहुंचीं। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। जिस समय आग लगी, होटल के कर्मचारी ग्राउंड फ्लोर पर मौजूद रहे। कमरे से धुआं निकलते देख उन्होंने तत्काल नगर निगम फायर ब्रिगेड को सूचना दी। आग से कमरे में रखा सामान क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना की सूचना मिलने पर सीएसपी सुमित अग्रवाल भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि सम्राट होटल की दूसरी मंजिल के कमरे में आग लगी थी, जिसे नियंत्रित कर लिया गया है। आग लगने के कारणों की जांच की जाएगी।

### लूट की घटना का पर्दाफाश, बरोठा पुलिस ने की प्रभावी कार्रवाई

# आरोपियों ने कार को सिजिंग करने के बहाने दिया था घटना को अंजाम

ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हुई आरोपियों की पहचान, चोरी कर भागना हुआ कैद, दो आरोपी को गिरफ्तार करलूटी गई बोलेरो कार एवं घटना में प्रयुक्त कार की जप्त।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




27 दिसंबर को फरियादी कपिल सोलंकी निवासी हाटपीपल्या ने थाना बरोठा आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि जब मैं व मेरी पत्नि मेरी बोलेरो कार से देवास से हाटपीपल्या जा रहे थें तभी एक सफेद रंग की आल्टो कार में दो अज्ञात व्यक्ति आए एवं खूद को सिजिंग कंपनी का कर्मचारी बताया व मुझे बिना कोई सूचना पत्र दिए और बिना पुलिस को सूचना दिए मुझे एवं मेरी पत्नि को रास्ते में उतारकर मेरी बोलेरो कार लेकर फरार हो गए।

फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना बरोठा पर अपराध क्रमांक 524/2023 धारा 309(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए एसपी पुनीत गेहलोद द्वारा घटना में शामिल आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर लूटी गई बोलेरो कार को बरामद करने हेतु निर्देशित किया गया, जिस पर से एएसपी हरि नारायण बाथम के मार्गदर्शन में डीएसपी संजय शर्मा के निर्देशन में थाना प्रभारी बरोठा निरीक्षक सविता सिंह के नेतृत्व में विशेष पुलिस का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य,भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय कर "ऑपरेशन त्रिनेत्रम" तहत लगे घटनास्थल के आस-पास के सीसीटीवी कैमरा चैक किए गए, जिनमें आरोपियो द्वारा घटना कारित करने उपरान्त लूटी गई बोलेरो कार ले जाना कैद हुआ । सीसीटीवी फुटेज एवं विश्वसनीय मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियो की पहचान कर उन्हे गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से लूटी गई बोलेरो कार एवं घटना में प्रयुक्त ऑल्टो कार व एक मोबाईल फोन जप्त किया जाकर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । पुलिस ने कार्रवाई करते हुएरवि उर्फ भीम पिता समन्दर सिंह चौहान उम्र 35 साल निवासी ग्राम लिम्बोदा थाना देपालपुर जिला इन्दौर और अंकित पिता ओमप्रकाष अजमेरी उम्र 30 साल निवासी ग्राम बिसनावदा जिला इन्दौर को गिरफ्तार कर बोलेरो कार,आल्टों कार, मोबाईल कुल 15 लाख रुपए का मश्रुका जप्त किया।

उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी बरोठा निरीक्षक सविता सिंह जाटव,उनि मलखान सिंह भाटी, सउनि ईश्वर मण्डलोई, सउनि गोरीशंकर, प्रआर तेजसिंह, सचिन पाल, आर विजेन्द्र सिसौदिया, अजय पाल, विकास, पीयूष पटेल, आशीष, आदर्श, अरूण परमार, सैनिक मुकेश पटेल, राजेन्द्र,संतोष, कैलाश, विष्णु एवं सायबर सेल टीम से प्रभारी सायबर सेल देवास प्रआर शिवप्रताप सिंह सेंगर, सचिन चौहान की सराहनीय भूमिका रही ।

# कुर्की की कार्रवाई के दौरान निगम ने बकाया 5 लाख 82 हजार रुपए की वसूली की

### कार्रवाई मार्च तक जारी रहेगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में उपायुक्त वित्त दीपक पटेल एवं राजस्व अधिकारी अनुभूति श्रीवास्तव के साथ निगम राजस्व की पूरी टीम के द्वारा शुक्रवार को संपत्ति कर के बकायादारों के विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई की गई।

कुर्की की कार्रवाई के दौरान संपतिकर की टीम द्वारा राशि रुपए 5 लाख 82 हजार 8 सौ की वसुली की गई, जिसमे वार्ड 38 शालिनी रोड पर शबदर अली अकबर अली से 1 लाख 24 हजार, श्रवण हीरालाल चौहान से 1 लाख 49 हजार 5 सौ, वार्ड 39 हेबतराव मार्ग पर अब्दुल साजिद अब्दुल रहमान एवं अब्दुल रईस हाजी अब्दुल रहमान से 2 लाख 9 हजार 3 सौ की वसुली की गई तथा वार्ड 40 जय प्रकाश मार्ग पर हकीमउद्दीन हेदरअली से 1 लाख की राशि जमा कराई गई।

कार्रवाई राजस्व उपनिरीक्षक संजय सांगते, स्वच्छता निरीक्षक हेमन्त उबनारे, विशेष गैंग टीम के अबरार खान, सहायक राजस्व निरीक्षक संजय पारखे, विशाल पाटील, मनीष थोरात, शिरोमणीसिंह, गौतम तिवारी, स्वाधिन खरे, अजय खिची, ईरफान खान, रूपेश देशमुख, वार्ड 39 दरोगा विकास सांगते, वसुली सहायक अनिल बंजारे, चन्द्रशेखर ठाकुर, सादिक पठान, समीर मेव, गोविन्द डागरे, एवं टीम के द्वारा राशि जमा की गई। आयुक्त ने बताया कि संपत्तिकर के बकायादारों के विरुद्ध कुर्की की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# 4 को होगी कुर्मी क्षत्रिय पाटीदार समाज की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

कुर्मी क्षत्रिय पाटीदार समाज के प्रदेश संगठन के निर्णयानुसार आगामी 4 जनवरी 2026 को देवास में समाज की संभागीय बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में इन्दौर एवं उज्जैन संभाग के कुल 15 जिलों—देवास, उज्जैन, शाजापुर, नीमच, मंदसौर, रतलाम, आगर, इन्दौर, धार, बड़वानी, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, झाबुआ एवं अलीराजपुर—की जिला इकाइयों के पदाधिकारी सहभागिता करेंगे। बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज में विभिन्न उपजातियों एवं सरनेम के आधार पर बने छोटे-छोटे संगठनों को एक मंच पर लाने, समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने तथा समाज की समग्र प्रगति पर विचार-विमर्श करना है। इसके साथ ही महत्वपूर्ण विषयों पर गहन मंथन किया जाएगा। इस संभागीय बैठक में प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के अनेक वरिष्ठ अतिथियों एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित हो चुकी है। प्रमुख अतिथियों में पूर्व सांसद एवं मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष रामकृष्ण कुसमारिया, राष्ट्रीय कुर्मी क्षत्रिय समाज के संरक्षक एल.पी. पटेल, पूर्व मंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष रामखेलावन पटेल, सांसद लता वानखेड़े, विधायक अरुण भीमावत, पर्यावरण राज्य आयोग के अध्यक्ष हीरालाल पाटीदार, पाटीदार समाज के पूर्व अध्यक्ष व संरक्षक शांतिलाल गामी, देवास कुर्मी क्षत्रिय पाटीदार समाज संरक्षकद्वय नंदकिशोर पाटीदार, मप्र पाटीदार समाज अध्यक्ष कृष्णकांत पटेल सहित कई वरिष्ठ नेता, समाजसेवी एवं पदाधिकारी शामिल रहेंगे। कार्यक्रम का एजेंडा प्रातः 10.30 बजे से प्रारंभ होकर 11 बजे दीप प्रज्वलन, सरस्वती पूजा, अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान से शुरू होगा। दोपहर में मंचासीन अतिथियों के उद्बोधन, विभिन्न जिला इकाइयों के प्रतिनिधियों से संवाद आयोजित किया जाएगा। अंत में सम्मान एवं आभार प्रदर्शन किया जाएगा। कुर्मी क्षत्रिय पाटीदार समाज देवास के अध्यक्ष के.के. गौर ने समस्त स्वजातीय बंधुओं, संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों से बैठक में समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने की अपील की है।

# अमृत हरित महाअभियान-2026 के लिए हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग भोपाल ने देवास में पौधारोपण के लिए एक लाख 77 हजार 9 सौ पौधे लगाए जाने का लक्ष्य रखा है। इस संबंध में नगर निगम उपायुक्त जाकिर जाफरी ने उद्यान विभाग की समीक्षा बैठक में लक्ष्य अनुसार पौधारोपण की कार्ययोजना तैयार किए जाने के निर्देश निगम अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि समस्त कार्यों के लिए निविदाएं आमंत्रित करने की कार्यवाही निर्धारित समयावधि में आरंभ की जाएं। उद्यान विभाग के सहायक यंत्री जगदीश वर्मा ने बताया कि उपायुक्त जाफरी ने देवास नगरीय क्षेत्र में पौधारोपण किया जाने के लिए भूमि का चयन करने, रोपे जाने वाले पौधों का चयन करने, जिले की शासकीय नर्सरी में पौधों को आरक्षित करवाने, निगम की नर्सरी तैयार करने के लिए स्थान का चयन करने, लगाए जाने वाले पौधों के लिए खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने, पौधों में पानी डालने की व्यवस्था करने और उनमें होने वाले रोगों के निदान के संबंध में कार्रवाई करने के निर्देश बैठक में दिए।

देवास की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से अमृत हरित महाअभियान-2026 में पौधारोपण कार्य में सहयोग करने और व्यक्तिगत पौधारोपण को प्रोत्साहित करने के लिए प्रचार प्रसार हेतु भी अभी से कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए, जिससे कि शासन के लक्ष्य अनुसार पौधा रोपण का कार्य पूर्ण किया जा सके। बैठक में उद्यान पर्यवेक्षक रवि अंबातिया और गोपाल परमार सहित निगम अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिले में अवैध शराब के खिलाफ कांग्रेसियों ने खोला मोर्चा, आबकारी कार्यालय का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




शुक्रवार को युवक कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गौड़ के नेतृत में कांग्रेस ने आबकारी विभाग का घेराव किया। पूर्व युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौड़ ने बताया कि देवास अवैध शराब की यूनिवर्सिटी बन चुका हैं देवास जिले की हर एक गली में शराब का कारोबार चरम पर हैं, जिसमें देवास का युवा चपेट में आ रहा है एवं देवास की युवा पीढ़ी का भविष्य अंधकार में जा रहा है। डायरी प्रणाली पर शराब की बिक्री का अधिकार शराब ठेकेदारों को किसने दिया यह शहर की जनता आपसे जानना चाहती हैं। शराब की घर पहुंच सेवा हर गली में हो रही हैं।

इस अवसर आर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी ने कहा कि धार्मिक स्थल के पास भी वाइन शॉप है, अहाते संचालित हो रहे है जो अवैध हैं, साथ ही डायरी पर शराब बिक रही है वही जिला (शहर) कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम ने आबकारी विभाग की निष्क्रियता पर प्रश्न चिन्ह उठाया। गौड़ ने बताया कि पूर्व में भी एक शराब कारोबारी ने आबकारी विभाग से पीड़ित हो कर आत्महत्या की थी। इस दौरान कांग्रेसियों ने चुल्लू भरपानी में डूब मारो के नारे भी आबकारी जवाबदारों के सामने लगाए। कांग्रेसियों ने आबकारी विभाग से मांग की जल्द से जल्द अवैध शराब वितरण पर कंट्रोल किया जाए अन्यथा कांग्रेस सड़क पर उग्र आंदोलन करेगी।

इस अवसर पर मनोज राजानी,जयसिंह ठाकुर , प्रदीप चौधरी, रितेश त्रिपाठी, दिलीप सिंह जी, मलखान सिंह देवड़ा, वाशिम हुसैन,ईशान राणा, किशोर चौहान, हर्ष प्रताप सिंह गौड़, अरुण माली, श्रीकांत चौहान, रूपेश कल्याने, दीपेश कानूनगो, नरेश बैरागी, बंटू जायसवाल, रियाज नागौरी, अंकित खरे, पृथ्वीराज चौहान, अभिषेक चौहान, रोहित दांगी, मंजीत ठाकुर, मनीष परमार, अरफात हुसैन, यशवंत कुशवाह, दीपेश हरोड़े, राजा धाकड़, राहुल, ठाकुर, भवानी ठाकुर, लोकेंद्र पटेल, अतुल, महेंद्र ठाकुर , विवेक गौड़, अंकित गौड़, अमन पाटीदार, शुभम जलोदिया कृपाल मकवाना, इरफान पटेल, योगेंद्र सोलंकी, अजय कुमावत, गोविंद जायसवाल, आनंद राव,आनंद सिंह पंवार, समारोह पठान,अमन खन्ना, महेंद्र धारू, चिंटू धारू, धीरज कल्याण और युका के साथ-साथ कांग्रेस के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कालीसिंध नदी में मिल रहा है ग्राम गंजपुरा की गंदी नालियों का बदबूदार पानी, इंदौर जैसी घटना होने की बन रही आशंका





हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

सोनकच्छ नगर में भी इंदौर जैसी त्रासदी हो सकती है, यह खबर सिर्फ सूचना नहीं, बल्कि प्रशासन की आंख खोलने वाली चेतावनी है। नगर के नागरिक गंजपुरा गांव की गंदी नालियों का पानी पीने को मजबूर है।

समीपस्थ ग्राम गंजपुरा का दूषित पानी वर्षों से कालीसिंध नदी के पिपलेश्वर मंदिर के सामने स्थित घाट पर सीधे नदी में मिल रहा है और यही पानी आगे चलकर नगर की पेयजल आपूर्ति बन रहा है। इंदौर में दूषित पानी का मुद्दा जब पूरे प्रदेश में चर्चा का केंद्र बना हुआ है उसी बीच सोनकच्छ की जीवनदायिनी मानी जाने वाली कालीसिंध नदी के शुद्धिकरण की मांग एक बार फिर ज़ोर पकड़ने लगी है।

नगरवासियों का कहना है कि आज इंदौर की वर्तमान स्थिति चेतावनी है। प्रशासन अगर अभी नहीं जागा, तो कल हालात और भयावह होंगे। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, कालीसिंध नदी में दूषित पानी का प्रवेश लंबे समय से मिलना चिंता का विषय है। पहले भी नगरवासियों ने नदी में मिल रहे गंदे नालों, अपशिष्ट और बिना शुद्धिकरण छोड़े जा रहे पानी पर आवाज़ उठाई थी, लेकिन ठोस कार्रवाई के अभाव में मामला ठंडे बस्ते में चला गया।सोनकच्छ में कालीसिंध नदी में मिल रहा गंजपुरा का गंदा पानी, जनता के स्वास्थ्य पर खतरा है।

सोनकच्छ की जीवनदायिनी मानी जाने वाली कालीसिंध नदी लगातार प्रदूषित हो रही है। ग्राम पंचायत सांवेर के अंतर्गत ग्राम गंजपुरा से निकलने वाला नाले का गंदा और बदबूदार पानी सीधे नदी में छोड़ा जा रहा है।स्थानीय नागरिकों के अनुसार, पहले गंजपुरा गांव के भीतर से निकाले गए गंदे पानी को अब नई जगह से मोड़कर सीधे नदी में प्रवाहित किया गया है। हालात यह हैं कि पिपलेश्वर मंदिर के सामने नदी में नाले का पानी मिल रहा है।

नगर परिषद की पानी की टंकी के ठीक सामने गंदा पानी गिर रहा है। जहां से नगर को पेयजल की आपूर्ति होती है,डाक बंगला (रेस्ट हाउस) चौराहे से बहता गंदा पानी क्षत्री घाट के पास नदी में मिल रहा है। इन स्थानों पर नदी का पानी काला पड़ चुका है और तेज दुर्गंध भी महसूस की जा रही है।

### कलेक्ट्रेट में लगा प्रदूषण जांच कैंप, आज इंडोर स्टेडियम में लगेगा

# पीयूसी जांच कैम्प में 61 वाहनों की हुई जांच, 27 में त्रुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पर्यावरण संरक्षण एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण को लेकर कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार जिला परिवहन कार्यालय एवं नगर निगम द्वारा दो दिवसीय प्रदूषण जांच कैम्प का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत शुक्रवार को प्रदूषण जांच कैम्प कलेक्टर कार्यालय परिसर में आयोजित कर शासकीय वाहनों की प्रदूषण जांच की गई। कैम्प में नगर पालिक निगम देवास के अन्तर्गत संचालित समस्त कचरा संग्रहण वाहनों की प्रदूषण जांच की गई।

कलेक्टर कार्यालय में आने वाली अन्य शासकीय वाहनों का भी वाहन प्रदूषण जांच किया गया। प्रदूषण जांच कैम्प में कुल 61 वाहनों की पीयूसी जांच की गई है, जिसमें से 27 वाहनों में प्रदूषण के संबंध में तकनीकी त्रुटी होने के कारण निर्धारित मापदण्डों पर पूर्ण नहीं पाए जाने पर संबंधित वाहन चालकों को शीघ्र ही वाहन में आवश्यक सुधार करवाने के निर्देश जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान द्वारा दिए गए। जिला परिवहन अधिकारी चौहान ने बताया कि समस्त शासकीय और गैर शासकीय वाहनों को प्रदूषण जांच करवाकर प्रदूषण प्रमाण-पत्र प्राप्त करना अनिवार्य है प्रदूषण जांच प्रमाण-पत्र नहीं पाए जाने पर संबंधित वाहन चालक के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की जाएगी। प्रदूषण प्रमाण-पत्र गैर व्यसायिक एवं व्यावसायिक समस्त प्रकार के वाहनों के लिये अनिवार्य है। मोटरयान नियम के अनुसार गैर व्यावसायिक वाहनों के पास जांच के दौरान पीयूसी प्रमाण-पत्र नहीं पाए जाने पर 01 हजार रूपये की चालानी कार्यवाही एवं व्यावसायिक वाहनों के पास पीयूसी प्रमाण-पत्र नहीं पाए जाने पर रूपये 05 हजार की चालानी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया 15 जनवरी के पश्चात गैर व्यावसायिक दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की भी पीयूसी जांच की जाएगी तथा प्रमाण-पत्र नहीं पाए जाने पर चालानी कार्यवाही की जाएगी। चौहान ने बताया कि 03 जनवरी को प्रदूषण जांच कैम्प श्रीमंत तुकोजीराव पवार इन्डोर स्टेडियम भोपाल चौराहा देवास में प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक आयोजित किया जाएगा। उन्होंने समस्त वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे प्रदूषण मुक्त देवास बनाने के लिए एवं मार्ग पर चालानी कार्यवाही से बचने के लिए अपने-अपने वाहनों के प्रदूषण की जांच करवाकर प्रदूषण जांच प्रमाण-पत्र अवश्य प्राप्त करें।

# ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस ने अवैध शराब पकड़ी, दो पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा




गुरुवार रात भोपाल देवास हाईवे पर स्थित सवेरा रेस्टोरेंट सोनकच्छ पर मुखबिर अवैध शराब की सूचना पर एसडीओपी दीपा माण्डवे के निर्देशन में टीआई अजय गुर्जर ने दलबल के साथ सूचना की। तस्दीक हेतु भोपाल इन्दौर हाईवे रोड पर स्थित सवेरा रेस्टोरेंट पर दबिश देकर काउन्टर से अवैध र शराब जप्त की।

रेस्टोरेंट मालिक अपनी कार से भागने लगा तभी पुलिस ने कार की घेराबंदी कर उसे पकडा लिया और कार की डिक्की के अंदर रखी शराब भी जप्त की। डिक्की के अंदर सफेद शराब की पेटी ओर अंग्रेजी शराब की पेटी मिली जो कुल 80 लीटर अवैध शराब होकर बाजार मूल्य करीब 33 हजार रुपये बताया गया, जिसे जप्त कर आरोपी सोनू पिता रामचंद्ररामचंद्र यादव (35) रेस्टोरेंट मालिक निवासी सोनकच्छ व चन्दन पिता ईश्वर जोशी (21) निवासी घट्टिया घोंसला उज्जैन पर आबकारी एक्ट का केस दर्ज किया।आगामी कार्रवाई हेतु न्यायालय में पेश किया गया। आरोपी सोनू यादव जिसके ऊपर पूर्व मे भी अवैध रूप से शराब बेचने के प्रकरण दर्ज है।

**खबर संक्षेप**



## एसपी ने परेड की सलामी ली

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान परेड की ड्रिल, अनुशासन, ड्रेस कोड तथा तालमेल की गुणवत्ता का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। तत्पश्चात रिजर्व पुलिस लाइन्स में स्थित विभिन्न शाखाओं में शस्त्रागार, परिवहन शाखा, भोजनालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन, कन्ट्रोल रुम, वर्दी स्टोर आदि का स्थलीय निरीक्षण कर साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव एवं संसाधनों की स्थिति की समीक्षा की गई। डायल-112 के पीआरवी वाहनों निरीक्षण कर वाहनों की साफ-सफाई, संचार उपकरणों वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल की कार्यशीलता एवं अन्य आपातकालीन उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई। पीआरवी स्टाफ को आमजन के प्रति संवेदनशील, संयमित एवं सेवा भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया। त्वरित रिस्पॉन्स टाइम को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। एसपी ने अर्दली रूम के आयोजन में रिजर्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों अवलोकन कर विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाहियों, शिकायतों तथा लम्बित पत्रावलियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित शाखा प्रभारियों को निर्देशित किया। परेड में शामिल पुलिस कर्मी से उनकी समस्याओं को सुनकर, सम्बन्धित को अविलम्ब निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान सीओ मड़ावरा कृष्ण कुमार मिश्रा, क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव, अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**ललितपुर।** तहसील कार्यालय मड़ावरा के बाहर अंधी रफ्तार से भाग रही ईको कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद तहसीलदार मड़ावरा ने राहगीरों की मदद से घायल को तत्काल सरकारी गाड़ी में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मड़ावरा में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान चिकित्सकों घायल बाइक सवार को मृत घोषित कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मड़ावरा थानान्तर्गत ग्राम प्यासा में रहने वाले 35 वर्षीय भज्जू निरंजन अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 के 6686 से मड़ावरा तहसील के पास था। तभी पीछे से अंधी रफ्तार भागती आ रही ईको कार संख्या एम.पी.15 जेड.ई. 4861 के चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। तेज टक्कर की आवाज सुनकर अफरा-तफरी मच गयी और तहसीलदार मड़ावरा मनोज श्रीवास्तव भी मौके पर जा पहुंचे, जहां उन्होंने घायल की हालत नाजुक देखते हुये तहसीलदार ने तत्काल अपनी सरकारी गाड़ी से घायल को राहगीरों की मदद से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मड़ावरा पहुंचाया, जहां मौजूद चिकित्सकों ने बाइक सवार घायल को प्राथमिक उपचार के दौरान मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने अस्पताल पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## चौराहे पर बैठे युवक को धमकाया

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी अंतर्गत मोहल्ला लुहरयाना में रहने वाले अनुरूद्ध सिंह पुत्र स्व.रघुनन्दन सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। उन्होंने पुलिस को अवगत कराया कि पहली जनवरी 2026 की रात करीब 9.10 बजे वह इन्द्रा चौराहा पर स्थित दुकान से सामान लेने के लिए पहुंचा तो वहां पहले से मौजूद हाकिम सिंह पुत्र भुजबल सिंह, किसरदा निवासी बृजेन्द्र उर्फ वीरेन्द्र सिंह पुत्र रामसिंह एकराय होकर आये और बोले कि इस समय तुम लोगों के दिमाग खराब हो गये हैं। जिस दिन समय आयेगा तो तुम्हें और तुम्हारे लड़के को बीच इन्द्रा चौराहे पर मुर्गा बनाकर जूतों की माला पहनाएंगे।

### जनता दरबार में सबको मिल रहा है त्वरित न्याय

# शिकायतकर्ता की संतुष्टि निस्तारण का बन रहा पैमानाः जिलाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की दैनिक जनसुनवाई में गरीब, असहाय, जरुरतमंद और किसानों सहित सभी वर्गों को उनकी समस्याओं का त्वरित व स्थायी समाधान मिल रहा है, उनके कुशल मार्गदर्शन, दूरदर्शी नेतृतव व त्वरित निर्देशन से ललितपुर की जनता को अपनी समस्या के समाधान के लिए अब यहां-वहां भटकना नहीं पड़ता है, जिलाधिकारी के समक्ष शिकायत प्रस्तुत करते ही वे सीधे सम्बंधित अधिकारी को लाइन पर लेते हैं और समस्या का त्वरित निस्तारण कराते हैं।

इसी श्रंखला में शुक्रवार को कुछ फरियादी जिलाधिकारी के समक्ष आये और अपनी समस्या उनके सामने रखी, जिसमें जाखलौन निवासी शिकायतकर्ताओं ने गांव में 10वी पास बच्चों के पंचायत के माध्यम से जन्म प्रमाण पत्र न बनाये जाने की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने डीपीआरओ को फोन पर निर्देश दिये कि सम्बंधित पंचायत सहायक के माध्यम से जन्म प्रमाण पत्र निर्गत कराकर सूचित करें। इसके उपरान्त मौके पर उपस्थित पंचायत सचिवों के समूह को जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि 1 जनवरी को जनपद के ग्रामों में जो चक व सम्पर्क मार्गो का कार्य शुरु हुआ है, उसे त्वरित गति से पूर्ण करायें।

ग्राम पड़वा, तहसील महरौनी निवासी शिकायकत्री ने उनकी जमीन पर विपक्षियों द्वारा अवैध निर्माण की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी महरौनी को दूरभाष पर उक्त भूमि पर अवैध निर्माण रोकने और जमीन की पैमाइश कराने के निर्देश दिये।ग्राम मसौरा के ग्रामीणों की चकबंदी सम्बंधी शिकायत पर जिलाधिकारी ने मौके पर ही जिला चकबंदी अधिकारी को बुलाकर समस्या का समाधान करने व अन्य शिकायतों में मौके पर जाकर निस्तारण कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान कुछ किसान संगठनों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि ग्राम गदयाना में फसल बीमा योजनान्तर्गत किसी को भी क्षतिपूर्ति की धनराशि नहीं मिली है, साथ ही अन्य ग्रामों में मटर के स्थान पर गेंहू की फसल का बीमा किया गया है। इस पर जिलाधिकारी ने उप निदेशक कृषि को फोन पर निर्देश दिये कि सम्बंधित बीमा कम्पनी से समन्वय कर त्रुटियों में सुधार करायें और गदयाना में सर्वे कराकर क्षतिपूर्ति राशि दिलाना सुनिश्चित करें। इसी दौरान पत्रकारगणों ने अवगत कराया कि ठण्ड के कारण जिला प्रशासन द्वारा विद्यालयों में छुट्टी के आदेश दिये गए हैं, परन्तु कुछ प्राईवेट विद्यालय अभी भी इस आदेश का उल्लंघन कर रहे हैं, इस पर जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दूरभाष पर निर्देशित किया कि सरकारी आदेश न मानने वाले विद्यालयों को नोटिस जारी करें। ग्राम भारौनी, तहसील महरौनी के ग्रामीणों ने कचनौदा बांध का पानी उनके मकानों तक आने के कारण मकान की क्षतिपूर्ति राशि दिलाने की मांग की, उन्होंने अवगत कराया कि विगत लगभग 15 साल से उनकी समस्या का निस्तारण नहीं हो रहा है, जिस जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई और सम्बंधित पटल सहायक को मौके पर बुलाकर पत्रावली तलब की और क्षति का आंकलन कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी मदन मोहन गुप्ता, एसओसी राकेश कुमार व जिला सूचना कार्यालय से सुमित कुमार उपस्थित रहे।

### पथ से प्रगति की ओर

# श्रम सेवा राज्यमंत्री ने किया कई ब्रिक्स रोड का भूमि पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ ने अपनी विधानसभा महरौनी में पथ से प्रगति की ओर अभियान के अंतर्गत मनरेगा एवं वित्त आयोग द्वारा जिले में 1001 चक मार्ग एवं 601 सीसी पेपर ब्रिक्स रोडों का एक साथ भूमिपूजन किया गया। जिसमें महरौनी विधानसभा के चारों ब्लॉकों की पंचायतों में ग्राम पंचायत पाह, ग्राम पंचायत कुम्हेड़ी, ग्राम पंचायत गिदबाहा एवं ग्राम पंचायत बालाबेहट में जाकर भूमि पूजन किया गया । इस अवसर पर श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी ने कहा कि हमारी केन्द्र की मोदी की सरकार एवं उत्तर प्रदेश की योगी सरकार विकास के नये आयामों को छूने में लगी है । हमारी सरकार में पांच सौ तक की आबादी तक का कोई मजरा नहीं छोड़ा है जहां तक सड़क नहीं पहुंची हो । इस अवसर पर निराश्रितों और जरुरतमंदों को कम्बल भी बांटे गए। भूमि पूजन एवं कंबल वितरण के मौके पर उप जिलाधिकारी पाली एवं तहसीलदार महरौनी व सभी ब्लॉकों के खंड विकास अधिकारी के अलावा जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि रजऊ राजा मैगुंवा , जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, अवध विहारी पटैरिया, पूर्व मण्डल अध्यक्ष अरुण द्विवेदी धर्मेन्द्र राजा गोना, रवीन्द्र राजा परमार मौजूद रहे।

### एक जनवरी की घटना का मामला

# रिपोर्ट के बाद कार्रवाई न होने पर, लाठी से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़ावरा (ललितपुर)



थाना मड़ावरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रखवारा में एक राय होकर की गई मारपीट, लूट और धमकी की घटना ने क्षेत्र में आक्रोश और दहशत का माहौल बना दिया है। मामला केवल दबंगई तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पीड़ितों ने पुलिसिया रवैये पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं।

पीड़ित शिवम पुत्र शिवचरन एवं अंशुल पुत्र सुजान, निवासी थाना मड़ावरा के अनुसार 2 जनवरी को वे अपनी दादी के निधन के बाद दिन का भोजन तैयार कराने हेतु ग्राम रखवारा में हलवाई महेश पटेल के घर गए थे। कार्य समाप्त कर लौटते समय ग्राम रखवारा में स्कूल के सामने हैंडपंप के पास सुदीप यादव, अरबिन्द यादव, कल्लू यादव पुत्र ऊदल, प्रशांत यादव पुत्र सुखपाल यादव, जितेंद्र यादव, गजेंद्र यादव, रविन्द्र यादव पुत्र अमर सिंह यादव सहित चार अन्य अज्ञात लोगों ने उनकी मोटरसाइकिल रोककर लाठी डंडों और लात घूंसों से बेरहमी से मारपीट की। आरोप है कि मारपीट के दौरान शिवम के गले से लगभग दो तोला सोने की चेन छीन ली गई और अंशुल की जेब में रखे दस हजार रुपये भी लूट लिए गए। हमलावरों ने मोटरसाइकिल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ितों का कहना है कि आरोपियों के पास अवैध तमंचा भी था और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ितों ने यह भी आरोप लगाया कि घटना के बाद जब वे मड़ावरा थाने पहुंचे और लिखित शिकायत दी, तो थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार ने उनकी बात सुनने के बजाय उन्हें धमकाते हुए थाने से बाहर निकलने को कहा और गालियां भी दीं। पीड़ितों के अनुसार यह पहली घटना नहीं है। एक दिन पहले दिनांक 01 जनवरी 2026 को लाहरधाम में नए वर्ष के उपलक्ष्य में हनुमानजी के मंदिर पर आयोजित मेले में भी ग्राम रखवारा के कुछ युवकों द्वारा गलत हरकतें की गई थीं। उस दौरान जब प्रार्थियों ने विरोध किया, तो उन्हीं युवकों ने प्रार्थी के भाई के साथ मारपीट की थी। उस मामले में भी मड़ावरा पुलिस को लिखित दरख्वास्त दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ितों का आरोप है कि न तो 01 जनवरी की घटना पर पुलिस ने कार्रवाई की और न ही 02 जनवरी को हुई गंभीर मारपीट और लूट की घटना पर, बल्कि उल्टे पीड़ितों को ही गालियां देकर भगा दिया गया। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच कर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो पीड़ितों का पुलिस और प्रशासन से विश्वास उठ सकता है।

### रणछोड़ धाम मेला आयोजन की तिथि घोषित

# 13 से 20 तक आयोजित होगा रणछोर धाम मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



मकर संक्रान्ति के अवसर पर तहसील ललितपुर अंतर्गत रणछोर धाम पर दिनांक 13 से 20 जनवरी 2026 तक लगने वाले वार्षिक मेले के आयोजन की व्यवस्थाओं एवं आवश्यक तैयारियों की समीक्षा हेतु सम्बंधित अधिकारियों व मेला समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आयोजन की रणनीति तय की।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी सत्य प्रकाश जी ने निर्देश दिये कि मेले में काफी संख्या में श्रद्धालू आते हैं, इसलिए किसी भी व्यवस्था में चूक नहीं होनी चाहिए, उन्होंने अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकीर सदर व क्षेत्राधिकारी सदर को निर्देश दिये कि वे कल ही मौके पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा ले लें, इसके बाद जिलाधिकारी स्वयं भी आगामी तिथियों में निरीक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी सम्बंधित अधिकारी मेले की भव्यता को ध्यान में रखते हुए पूरी गंभीरता से अपने दायित्वों की पूर्ति करें, उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के लिए अस्थायी पुलिस चौकी सहि पर्याप्त पुलिस फोर्स, नावों, गोताखोरों, आपदा मित्रों की व्यवस्था करायें। पेयजल हेतु जल संस्थान टैंकरों की व्यवस्था कराये, सम्पर्क मार्ग की मरम्मत हेतु वन विभाग को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही मेला परिसर में अस्थायी विद्युत कनेक्शन हेतु मेला समिति को निर्देश दिये कि वे ऑनलाइन आवेदन कर दें। साथ ही जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिये कि मेला परिसर में सफाई हेतु शिफ्टवाइज सफाईकर्मियों की ड्यूटी लगायें तथा यातायात व्यवस्था के लिए यातायात प्रभारी को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत मेला परिसर में ही खोया पाया कार्यालय व माइक सिस्टम की व्यवस्था करें। स्वास्थ्य सेवाओं के लिए चिकित्सकों की टीम व एम्बुलेंस 24 घण्टे तैनात रहने के निर्देश दिये गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर, तहसीलदार सदर सदर सहित अन्य अधिकारीगण व मेला समति के पदाधिकारी व ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

### सात श्री अकाल के जयकारों के साथ आरंभ हुई शोभायात्रा

# शोभायात्रा का जगह-जगह किया स्वागत



**ललितपुर।** श्रीगुरु सिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वावधान में श्री गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर एक विशाल शोभायात्रा जो कि गुरु नानक धर्मशाला आजादपुरा से प्रारंभ हुई इस विशाल शोभायात्रा में सबसे आगे घोड़े पर पांच निहंग सिंह निशान साहिब (धर्म ध्वजा) लिए हुए आगे चल रहे थे उनके पीछे गुरबाणी कीर्तन करते हुए बैंड गायक अपने साथियों के साथ रथ व बग्गियों पर सवार दसों गुरुओं की झांकी व बाबा दीप सिंह जी की झांकी भी चल रही थी। बीच में धमाल बैंड भी अपना करतब दिखा रहे थे। इसके पीछे डीजे के साथ पंजाब के नवा शहर से पधारे इंटरनेशनल दिलेर खालसा की गतका पार्टी (अखाड़ा पार्टी) चल रही थी, जिसने की हैरत अंग्रेज कारनामे दिखाएं।

उन्होंने जेसीबी व बुलेट मोटरसाइकिल पर भी अपने कर्तव्य दिखाएं। उनके पीछे पानी के टैंकर के साथ महिलाएं झाड़ू के साथ सफाई करती हुई चल रही थी। महिलाओं के पीछे पालकी साहिब के आगे महिलाएं पुष्प वर्षा करते हुए चल रही थी, उसके बाद पंच प्यारे गुरु ग्रंथ साहिबजी की अगुवाई में चल रहे थे व फूलों से सजी पालकी साहब की बस, जिसमें की श्रीगुरु ग्रंथ साहिबजी शोभायमान थे। पालकी साहब के पीछे संगत गुरबाणी कीर्तन करती हुई। चल रही थी जगह-जगह स्वागत द्वारा लगा कर सिख समाज की शोभायात्रा का स्वागत किया जा रहा था।

राष्ट्रीय मानव अधिकार सुधार संगठन, श्रीदिगंबर जैन पंचायत समिति, भारत बाजार, सरदार हरजीत सिंह, अनिल जैन अंचल, प्रदीप सेनी, विश्वकर्मा समाज, सुनील सैनी, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, भाजपा, नपा, हिन्दू जागरण मंच, सिंध स्टोर, श्रीरामलीला हनुमान जयंती समित, आशीष चौबे परिवार, स्टार हेल्थ परिवार लवशीत सिंह अरोड़ा,, सुरेंद्र सिंह अरोड़ा, नामदेव समाज, द सरदार अवतार सिंह द्वारा स्वागत स्वागत किया गया।

## प्रथम महिला शिक्षक सावित्रीबाई फुले जयंती समारोह आज

ललितपुर। बुन्देलखण्ड महिला विकास सेवा समिति की एक आवश्यक बैठक समिति अध्यक्ष गुलाबबाई सेन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। बैठक में शिक्षा के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान देने वाली भारत की प्रथम महिला सावित्रीबाई फुले की जयन्ती समारोह शनिवार 3 जनवरी को स्टेशन रोड स्थित ललित पैलेस के दा ग्राण्ड सिद्धि में अपराह्न 1 बजे से किया जा रहा है। मुख्य अतिथि के रूप में झांसी की समाजसेविका सरोज आर्या शामिल होंगी। अध्यक्षता नगर पंचायत तालबेहट की पूर्व अध्यक्ष मुक्ता सोनी द्वारा की जायेगी। विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत राठ की पूर्व अध्यक्ष हीरा भारती, समाजसेविका दीपिका सिंह, समाजसेविका सुनन्दा वर्मा, सहायक अध्यापिका श्रद्धा भारती, समाजसेविका राधा वर्मा, समाजसेविका झांसी मंजूलता वर्मा, समाजसेविका रितु कौर (बी.के.सिंह), समाजसेविका अंजुली रिछारिया, जीजीआईसी तालबेहट की पूर्व प्रधानाचार्या मधुलता राही, समाजसेविका झांसी जयामित्रा राही, समाजसेविका झांसी पूजा भारती, समाजसेविका चन्दवारी राठ रजनी राजपूत, समाजसेविका लखनऊ शकुन्तला चन्द्रा को आमंत्रित किया गया है। वहीं नारी गौरव सम्मान के लिए रामप्यारी देवी आर्या (झांसी), सूरजरानी निरंजन (पूर्व ब्लॉक प्रमुख, बिरधा), मालती पाल झांसी, गीता सिंह रिटा.प्रधानाध्यापक भोपाल, उर्मिला सेन झांसी, रिया जैन बड़कुल ललितपुर, पुष्पा अग्रवाल, रामसखी शुक्ला, पिस्तादेवी वर्मा, शिवरानी कुशवाहा, वन्दना कुशवाहा, गुडडी सेन, मीरा साहू, सुशीला राजपूत, रिचा अग्रवाल, सुमन जैन, सोनम रावत, विमलेश, कमलेश आर्या, अनुजा को सम्मान के लिए आमंत्रित किया गया है। बैठक में सविता समैया, सुशीला राजपूत, उषादेवी, उमा देवी सेन, गेंदाबाई कुशवाहा, माधवी श्रीवास, धनकुंवर सेन, सविता, कुसुम साहू आदि मौजूद रहीं।

## अभा साहू वैश्य महासभा का जनप्रतिनिधि सम्मेलन व सम्मान समारोह संपन्न



**ललितपुर।** अखिल भारतीय साहू वैश्य महासभा का बुन्देलखण्ड प्रतिनिधि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह शिवधाम कुण्डेखर में समपन्न हुआ। मुख्य अतिथि साहू वैश्य महामभा चेयरमैन प्रकाशचन्द्र साहू, अतिथि दीनदयाल साहू राष्ट्रीय संगठन मंत्री, राजेश माहू प्रदेश अध्यक्ष, अशोक साहू बुन्देलखण्ड अध्यक्ष रहे। मुख्य अतिथि श्रीप्रकाश राहुल ने कहा कि साहू समाज को एक जुट होकर आगे बढऩा होगा। कहा कि साहू समाज को व्यापार के साथ-साथ राजनैतिक चेतना के लिये आगे आना होगा। वही दीनदयाल साहू ने कहा कि हमारी समाज में जन्मे महापुरुषों ने समाज का गौरव बढ़ाया है। बुन्देलखण्ड अध्यक्ष अशोक साहू ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का शाल श्रीफल सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान आशीष रावत, सहावेन्द्र प्रताप सिह गहरवार, हरिचरण नामदेव, रघुवीर साहू (कवि) भोपाल, राज साहू, बब्लू साहू, मनोज साहू, शंकर साहू, सुधीर साहू, विक्की साहू, नवीन साहू नेताजी, प्रकाश चन्द्र राहुल, अशोक दाऊ, महावीर साहू, मुन्ना साहू, सुरेश साहू, गणेश साहू, महेश साहू, सन्तोष साहू, विहारीलाल साहू, रविशंकर साहू, मुकेश साहू (एड.) राजेश साहू नेताजी, सुधीर साहू, अंचल साहू, कन्छेदीलाल साहू, रामेश्वर साहू, पुष्पेंद्र साहू, प्रमेश, श्रीराम साहू, मनोज साहू, हरिओम साहू सहित भारी संख्या में सजातीय बंधु उपस्थित रहे। संचालन अशोक साहू ने किया।

## नाली से जल निकासी का फर्जी निस्तारण का आरोप

ललितपुर। गांव में डाली गयी पेबर ब्रिक्स की सड़क निर्माण के दौरान बनायी गयी नाली बंद होने से जल निकासी न होने और आये दिन होने वाले झगड़ों से आजिज आकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। वहीं इस प्रकरण में ग्राम पंचायत मुहारा निवासी तुलसीराम गोस्वामी ने आईजीआरएस पर शिकायत दर्ज करायी थी। शिकायत के आधार पर सम्बन्धित अधिकारी द्वारा मौके पर निरीक्षण कर फर्जी व अस्पष्ट आख्या लगाकर निस्तारण करने का आरोप लगाया गया है। इस सम्बन्ध में शिकायतकर्ता तुलसीराम गोस्वामी ने अब जिलाधिकारी से प्रकरण की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। डीएम को भेजे शिकायती पत्र में विकास खण्ड जखौरा के ग्राम खिरियाखुर्द की ग्राम पंचायत मुहारा निवासी तुलसीराम गोस्वामी ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में श्रीकृष्णकांत गोस्वामी के मकान से शिवदयाल यादव के मकान तक जो पेबर ब्रिक्स रोड डाला गया है, उसमें पानी की निकासी के लिए छोटी सी सूपा नाली बनायी गयी है। किन्तु उसमें सपोर्ट न लगने के कारण वह बंद हो गयी, जिस कारण उसका पानी आगे नहीं निकल पा रहा है और मोहल्लेवासियों के दरबाजों के सामने पानी भर रहा है। इससे लड़ाई-झगड़े हो रहे हैं। बताया कि 26 दिसम्बर को एडीओ पंचायत जखौरा मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया, जहां ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को बताते हुये भरा हुआ पानी भी दिखाया। आरोप है कि निरीक्षण उपरान्त आईजीआरएस पर 29 दिसम्बर को फर्जी व अस्पष्ट निस्तारण कर आख्या प्रेषित कर दी गयी है। प्रकरण में शिकायतकर्ता से न तो सम्पर्क किया गया और न ही निस्तारण की वस्तु स्थिति से अवगत कराया गया। उन्होंने डीएम से प्रकरण की जांच करायी जाकर पानी की निकासी अतिशीघ्र कराये जाने की मांग उठायी है।

### पं. रूद्र नारायण त्रिवेणी शर्मा मेमोरियल इंटर कालेज में हुआ आयोजन

# गर्म वस्त्र पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर आई मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



आसरा सोशल डेवलपमेंट फाउंडेशन के तत्वावधान में पंडित रुद्र नारायण त्रिवेणी शर्मा मेमोरियल इंटर कॉलेज परिसर में रजाई एवं स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों, गरीब महिलाओं, दिव्यांगों, दृष्टिबाधित व्यक्तियों एवं छोटे बच्चों को राहत प्रदान करना रहा।

शुभारंभ विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से हुआ, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके उपरांत संत गुरुओं एवं अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तथा पंडित रुद्र नारायण शर्मा एवं माता त्रिवेणी देवी शर्मा की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम के संचालन की जिम्मेदारी जयप्रकाश नारायण द्विवेदी ने निभाई। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष सुनील शर्मा ने उपस्थित अतिथियों एवं जनसमुदाय का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि आसरा सोशल डेवलपमेंट फाउंडेशन समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोनू चौबे ने की। इस अवसर पर गुरुदेव नरसिंह मंदिर के महंत श्री श्री गंगा दास, तुवन मंदिर के महंत राम लखन दास जी, सर्वेश्वर धाम के जगतगुरु कृष्णानंद जी गिरी, राम बालक दास जी तथा महंत सद्गुमार जी द्वारा गरीब महिलाओं, दिव्यांगों एवं दृष्टिविहीन व्यक्तियों को रजाइयों का वितरण किया गया। वहीं छोटे बच्चों को ठंड से बचाव हेतु स्वेटर वितरित किए गए। वितरण पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर खुशी स्पष्ट दिखाई दी। प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबले, सप्पू बैरिस्टर, वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के अध्यक्ष बाबू गंधर्व सिंह लोधी, राजाराम गोस्वामी, जिला पंचायत सदर राजेश यादव, समाजसेवी लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, हरि शंकर साहू, रानू राजा रोड़ा, रामजी यादव, राजेश श्रीवास्तव, चेतन कुशवाह, राकेश शर्मा, प्रमोद सक्सेना एडवोकेट सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार की ओर से प्रधानाचार्य आशीष दीक्षित, राहुल पटेरिया, प्रभु दयाल कुशवाहा, आकांक्षा बुंदेला, अंजलि बुंदेला, संजय राजा, मानसिंह यादव, भज्जू यादव, उधम यादव गंगासागर, विनोद राजपूत सहित अन्य शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य कार्यक्रम में सहभागी रहे। समापन पर प्रधानाचार्य आशीष दीक्षित ने आभार माना।

## कमियां निकली तो संचालक ने सिविल सर्जन पर लगाए झूठे आरोप

# सीएस की जांच में न ही मिले संबंधित डॉक्टर और न ही अस्पताल संचालक

**श्री देव हॉस्पिटल कुरावर में काम करने वाले डॉ भारंग भोपाल, रायसेन और राजगढ के 5 अस्पतालों में करते हैं काम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा




जिला चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर निजी अस्पतालों के निरीक्षण पर निकले सिविल सर्जन ने जब कुरावर के एक निजी अस्पताल की जांच की तो अस्पताल के झूठ का पर्दाफाश हो गया। जांच के समय वहां पर न ही तो संबंधित डॉक्टर ही मिला और न ही अस्पताल के संचालक। ऐसे में जब जांच आगे बडी तो पता चला की वहां पर जिस डॉक्टर को बताकर मरीजों के उपचार का काम किया जा रहा है वह उपस्थित ही नहीं है। इस बारें में सिविल सर्जन ने जब देव जनरल हॉस्पिटल कुरावर के स्टॉफ से बात की तो संतुष्टिपूर्ण जबाव ने मिलने पर संचालक को मुख्यालय आने के निर्देश दिए गए। जिस पर अस्पताल संचालक ने सिविल सर्जन पर पैसे

### स्पष्टीकरण की बात कही...

सीएमएचओं के निर्देश के बाद ही जांच करने पहुंचा था वहां पर अनियमितताएं थी और कोई जिम्मेदार डॉ वहां मौजूद नहीं था जिसके कारण मैंने फोन लगाकर उनके संचालक से बात की और उनसे जिला अस्पताल आकर अपना स्पष्टिकरण देने की बात कहीं है।

डॉ रजनीश शर्मा, सिविल सर्जन राजगढ

### देव अस्पताल के अलावा डॉ भारंग कई अस्पतालों में करते हैं काम

देव जनरल अस्पताल कुरावर डॉ कृष्ण कुमार भारंग के दम पर मरीजों के उपचार करने का दम भरता है परंतु सिविल सर्जन की जांच में सामने आया की डॉ के के भारंग अमन अस्पताल एंड ट्रॉमा सेंटर भोपाल,संकल्प मल्टीस्पेसलिटी अस्पताल भोपाल,सूर्यवंश मल्टीस्पेसलिटी अस्पताल भोपाल के साथ साथ श्री देव अस्पताल कुरावर राजगढ और मंडीदीप ट्रॉमा सेंटर रायसेन में काम कर रहे है ऐसे में एक डॉक्टर इतने अस्पतालों में मरीजों को कितना समय दे पाएगा यह समझा जा सकता है।

### वीडियो जारी कर सीएस पर लगाए आरोप

बस स्टेंड के पास कुरावर में संचालित श्री देव अस्पताल प्रबंधन ने जब देखा की उनकी कमियां सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा द्धारा पकडी गई है तो उन्होने एक वीडियों के माध्यम से यह बातने का प्रयास किया की उनसे मुख्यालय पर आने का कहा गया है एवं पैसे मांगे गए है परंतु वीडियों का फेक्ट चेक करा गया पता चला ही वीडियों ने पैसे मांगने जैसी कोई बात नहीं हुई है।

# ये कैसी स्वच्छता, बदबू से घुट रहा दम?

## तहसील के सामने अस्थाई चौपाटी पर बदबू से परेशान लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



नगर की पहचान माने जाने वाले तहसील कार्यालय के ठीक सामने स्थित आस्थाई चैपाटी क्षेत्र इन दिनों भारी अव्यवस्था और गंदगी का शिकार बना हुआ है।

यहां जगहदृजगह फैला कचरा, प्लास्टिक, सड़ा-गला अपशिष्ट और कीचड़ भरा पानी आमजन के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन रहा है। हालात ऐसे हैं कि पूरे क्षेत्र में तेज दुर्गंध फैली रहती है, जिससे वहां से गुजरने वाले नागरिकों, दुकानदारों और राहगीरों को नाक ढककर निकलना पड़ता है। तहसील परिसर के सामने बने इस खुले मैदान में नालियों का गंदा पानी जमा होकर तालाब का रूप ले चुका है। उसमें कचरा, पॉलीथिन, बोतलें और खाने-पीने का अवशेष तैरता नजर आता है। यही नहीं, आवारा मवेशी भी इसी गंदे पानी के आसपास घूमते दिखाई देते हैं, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा लगातार बना हुआ है। चैपाटी होने के कारण शाम के समय यहां बड़ी संख्या में लोग आते हैं, लेकिन बदबू और गंदगी के कारण अब लोग यहां बैठने से भी कतराने लगे हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार नगर पालिका परिषद को इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हो सका है। लोगों ने मांग की है कि क्षेत्र की नियमित सफाई करवाई जाए, गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था की जाए और कचरा फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई हो, ताकि तहसील जैसे महत्वपूर्ण स्थान के सामने साफ-सुथरा और स्वस्थ वातावरण बन सके।

## निकाली गई रैली व झांकियां

# सकल हिंदू समाज के सम्मेलन आयोजन में शामिल हुए लोग




**माचलपुर।** नगर में सकल हिंदू समाज द्वारा आयोजित हिंदू समाज द्वारा विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया! जिसमे विशाल शोभा यात्रा नगर के चाठा कुंडी बालाजी मंदिर के पूजन कर निकाली गई रैली में अनेक धार्मिक झाकियां सजाई गई थी जिनके पात्र घोड़े वा रथ पर सवार होकर चल रहे थे! शोभायात्रा में महिलाएं सर पर कलश लिए वा पुरुष डीजे की धुन पर जय श्री राम का उदघोष करते हुए झूमते चल रहे थे! शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी जहा नगर वासियों ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया ! हिंदू सम्मेलन का आयोजन नगर के दशहरा मैदान पर किया गया था! जहां हिंदू समरसता के इस उत्सव में प्रमुख वक्ता के रूप में मौजूद साध्वी सरस्वती देवी ने अपनी ओजस्वी वाणी से सारे हिंदुओ को जाति पाती छोड़ कर एक होने की बात की साथ ही कहा की शास्त्र के साथ शास्त्र भी रखो वक्त पर काम आयेगे उन्होंने कहा जिस को भारत में अगर रहना है तो वन्देमातरम कहना होगा ! भारत माता की आरती के पश्चात सकल हिंदू समाज ने सहभोज किया।

## ग्रामीण अंचलों में मीटर गायब - क्यों हो रही है अनदेखी?

# शहरी क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर की होड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

**एक ओर जहां शहरी क्षेत्रों में बिजली विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाने की होड़ मची हुई है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण अंचलों में आज भी कई घरों में बिजली कनेक्शन तो हैं, लेकिन मीटर नदारद हैं।**




यह स्थिति न केवल बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है, बल्कि ग्रामीण उपभोक्ताओं के साथ हो रहे भेदभाव को भी उजागर करती है। ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक ऐसे उपभोक्ता हैं जिनके पास वर्षों से बिजली कनेक्शन है, लेकिन अब तक उनके घरों में स्थायी मीटर नहीं लगाए गए। कहीं अस्थायी मीटर लगाकर वर्षों से काम चलाया जा रहा है तो कहीं मीटर पूरी तरह गायब हैं। इसके कारण उपभोक्ताओं को अनुमानित बिल थमाए जाते हैं, जिससे विवाद की स्थिति बनती है और गरीब ग्रामीण परिवारों पर आर्थिक बोझ भी बढ़ जाता है। सूत्रों के अनुसार, विभाग का अधिक ध्यान शहरी क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगाने पर केंद्रित है, क्योंकि वहां राजस्व वसूली आसान और तेज मानी जाती है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में संसाधनों की कमी, कर्मचारियों का अभाव और उदासीन रवैया मीटर न लगने का प्रमुख कारण बताया जा रहा है।

ग्रामीण उपभोक्ताओं का कहना है कि वे नियमित रूप से बिल जमा करते हैं, इसके बावजूद मीटर न लगने से उन्हें पारदर्शिता नहीं मिल पा रही है। लोगों ने मांग की है कि शहरी क्षेत्रों की तरह ग्रामीण अंचलों में भी शीघ्र मीटर लगाकर बिजली बिलिंग व्यवस्था को पारदर्शी और न्यायसंगत बनाया जाए।


### सुधार किया जाएगा...

संसाधन एवं स्टाफ की कमी के कारण ग्रामीण क्षेत्र में पूरी तरह मीटर नहीं लगे हैं मीटर लगाने की प्रक्रिया जारी है किसी का बिल अधिक है तो आकर आवेदन करें सुधार किया जाएगा ,

**विद्या सागर सिंह**, सहायक यंत्री विद्युत वितरण कंपनी सारंगपुर।

# तालाब में डूबने से 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ



गुरुवार को ब्यावरा के टाल मोहल्ला निवासी भौंनी सिंह कुशवाह पिता किशन लाल कुशवाहा उम्र 50 की पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना ग्राम काछीपुरा स्थित बड़ोदिया तालाब की है। जानकारी के अनुसार मृतक बीती शाम अपनी बहन नारायणी बाई के घर आया था। गुरुवार को तालाब में डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही संबंधित थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को तालाब से बाहर निकलवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। फिलहाल वह पानी मे कैसे डूबा इसकी पुलिस जांच कर रही है। मृतक की शादी हो चुकी है, लेकिन वह अकेला रहता था। किसी कारणवश वह बड़ोदिया तालाब पहुंचा, जहां पानी में डूबने से उसकी मृत्यु हो गई।

# कपिलेश्वर धाम पर उमड़े काफी श्रद्धालु

## अपने आराध्य का स्मरण कर नववर्ष का किया आगाज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

जहां एक ओर हिन्दू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (गुड़ी पड़वा) से आरंभ होता है, वहीं अंग्रेजी नववर्ष के आगमन पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने आराध्य देव के दर्शन कर नए वर्ष की शुरुआत आस्था के साथ करते हैं। इसी क्रम में गुरुवार को नगर के प्रसिद्ध कपिलेश्वर तीर्थ धाम पर भक्तों का भारी तांता देखने को मिला। सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें मंदिर परिसर में लग गईं। भक्तों ने भूतभावन भगवान कपिलेश्वर महादेव, संकटमोचन हनुमान जी एवं नवग्रह मंदिर में विराजित शनिदेव के दर्शन कर अपने एवं परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और उन्नति की कामनाएं कीं। श्रद्धालुओं ने नए वर्ष में सभी प्रकार के संकटों से मुक्ति और मनोकामनाओं की पूर्ति हेतु विशेष पूजन-अर्चन भी किया।

मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होने के कारण पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल द्वारा यातायात व्यवस्था एवं भीड़ नियंत्रण को लेकर लगातार निगरानी रखी गई, जिससे दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कपिलेश्वर धाम में दिनभर धार्मिक वातावरण बना रहा। हर-हर महादेव और जय बजरंगबली के जयकारों से संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने इसे नए वर्ष की शुभ शुरुआत बताते हुए इसे आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बताया।

# खिलचीपुर में दो वर्ष से अनवरत चल रही प्रभात फेरी, की गई महाआरती

## युवा एवं महिलाओं में नववर्ष के प्रथम दिन भी उत्साह

**खिलचीपुर।** नगर में अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर प्राण-प्रतिष्ठा के पूर्व से प्रारंभ हुई प्रभात फैरी ने आज भव्य रूप ले लिया है । दो वर्ष पहले नगर के युवाओं ने प्रातः काल में श्री राम फैरी की शुरुआत की थी जो आज नगर की पहचान बन गई है।

प्रतिदिन रामद्वारा से सुबह सात बजे निकलने वाली इस प्रभात फेरी में युवा सज्जन शक्ति मातृशक्ति एक सैकड़ा से अधिक लोग शामिल होते हैं बुधवार को रामलला प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को दो वर्ष हो गए हैं साथ ही इस फैरी की भी दुसरी वर्षगांठ थी इस उपलक्ष्य में शाम को भी श्री राम फैरी निकाली गई जो सराय भवन से प्रारंभ होकर वीर हनुमान मंदिर खांडीबावडी पर महा आरती के साथ सम्पन्न हुई इस दौरान एक भव्य चल समारोह निकाला गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने राम भजन कीर्तन किए ! उल्लेखनीय है कि इस फैरी में बड़ी संख्या में महिलाएं और युवा शामिल थे ! श्री राम प्रभात फेरी का उद्देश्य है कि सभी समाजों के लोग



इस फेरी में नित्य प्रतिदिन सम्मिलित हो जिससे हमारी एकता का मंत्र रामराज्य की कल्पना को साकार करेगा।

# हिन्दू सम्मेलन 19 और 26 को जीरापुर में आयोजित

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा तृतीय वर्षगांठ मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



समग्र हिन्दू समाज में जाग्रति लाने के उद्देश्य से हिन्दू सम्मेलन का आयोजन आगामी 19 जनवरी 2026 को नगर के खिलचीपुर नाका नवीन हाट बाजार तालाब परिसर में विराट हिन्दू सम्मेलन में श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर अन्नपूर्णा गिरि जी ( साध्वी वर्षाजी ) श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा,उज्जैन (म.प्र.) मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगी। विराट हिन्दू सम्मेलन को लेकर नगर में विगत दिवस शोभा , कलश यात्रा भुमि पुजन का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ महोत्सव के तृतीय वर्ष को लेकर नगर मे आनंद उत्सव मनाया गया। जिसमें नगर में दीपोत्सव एवं अन्य धार्मिक आयोजन रखे गए हैं तथा प्रतिदिन प्रातः नगर के विभिन्न धार्मिक स्थलों से प्रभात फेरी निकाली जा रही जिसमें बड़ी संख्या में युवा पुरुष , महिलाऐ शामिल होकर भगवान के जयकारे एवं भजन कीर्तन करते हुए निकलते हैं। आज नगर के देवनारायण कालोनी , फलोदी कालोनी , भण्ड़ावद रोड़ , आवास , इंदर चैराहा , सिदेश्वर महादेव मंदिर होते हुए बुधवारिया बाजार हनुमान मंदिर पहुंची।

# शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय बंदा जागीर में हुआ एफएलएन मेले का आयोजन



**माचलपुर।** समीपवर्ती ग्राम बंदा जागीर के एकीकृत शासकीय विद्यालय में एफएलएन मेले का आयोजन किया गया जिसने प्रमुख अतिथि के रूप में माचलपुर टीआई भगीरथ शाक्य वा राजस्व अधिकारी राजेंद्र सिंह बरदानिया वा सरपंच प्रतिनिधि छगन सिंह गुर्जर और हरि सिंह गुर्जर रहे! एफएलएन मेले में शामिल बच्चो और लोगो का मार्गदर्शन करते हुए टीआई भगीरथ शाक्य ने कहा की समावेशी एवं गुणवतापूर्ण शिक्षा पर अपना फोकस करना चाहिए! साथ ही यह भी बताया की सायबर ठगी से किस तरह बचना चाहिए । सभी यातायात नियमों का पालन भी करना है वा क्षेत्र में फैली सामाजिक कुरीति नातरा झगड़ा वा बाल विवाह के संबंध में शासन द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुवे इन कुरुतियो से बचने की सलाह दी! इस अवसर पर विद्यालय स्टाप सहित गांव के नागरिक वा विद्यालय के बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**बजरंग दल के पूर्व प्रांत संयोजक एवं जिला महामंत्री के प्रयास लाए रंग**

## पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे में लड़की को किया दस्तयाब

# लव-जिहाद में फिर एक नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था मुस्लिम युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा - राजगढ़

जिले में नाबालिक लड़कियों को बहला-फुसलाकर ले जाए जाने के कई मामले पूर्व में भी सामने आ चुके है। बुधवार को जिला मुख्यालय पर कोतवाली थाना क्षेत्र के एक गांव में ऐसा ही एक मामला सामने आया, जहां भोपाल का एक मुस्लिम युवक नाबालिक लड़की को अपने साथ भोपाल लेकर फरार हो गया। मगर समय रहते परिवार की सतर्कता और हिन्दू संगठनों की जागरूकता के चलते यह मामला गंभीर मोड़ लेने से पहले ही नियंत्रण में आ गया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई के चलते मात्र 24 घंटे से भी कम समय में लड़की को सुरक्षित बरामद कर परिजनों को सौंप दिया गया।

### सोशल मीडिया फिर बना पहचान का माध्यम, आरोपी ने हिंदू बनकर की दोस्ती

जानकारी अनुसार पीड़ति पूर्व में भोपाल में अपनी मामी के घर रहती थी। वहीं एक युवक से उसकी सोशल मीडिया पर पहचान हुई थी। परिजनों को जब



इसकी भनक लगी तो उन्होंने एहतियातन उसका मोबाइल फोन अपने पास रख लिया। लेकिन नाबालिक होने के कारण लड़की चोरी-छिपे अपने माता-पिता के फोन से संपर्क में बनी रही। बताया जाता है कि युवक ने इसी कमजोरी का फायदा उठाते हुए बुधवार देर शाम गांव पहुंचकर उसे बहला-फुसलाकर साथ ले गया और भोपाल की ओर रवाना हो गया। घरवालों को बेटी के लापता होने का पता चला तो घर में हड़कंप मच गया। तत्काल इसकी सूचना बजरंग दल के पूर्व प्रांत संयोजक देवी सिंह सोंधिया को दी गई। उन्होंने बिना देर किए कोतवाली पुलिस से संपर्क किया और गुमशुदगी सहित आवश्यक धाराओं में प्रकरण दर्ज कराने की पहल की। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए खोजबीन शुरू की और गुरुवार सुबह भोपाल में युवक के संभावित ठिकाने पर दबिश देकर नाबालिक को सुरक्षित बरामद कर लिया।

### पॉक्सो में हुआ मामला दर्ज

लड़की ने बयान में बताया कि युवक ने स्वयं को हिंदू युवक बताकर झूठे प्रेम के भरोसे साथ ले गया था। उसके बयान बाल कल्याण समिति एवं न्यायालय में भी दर्ज कराए गए हैं। पुलिस ने विभिन्न धाराओं 366, 376, 506, 3/4 पॉक्सों एक्ट में मामला दर्ज कर लड़की का मेडिकल करवाकर धारा 164 के तहत बयान दर्ज करवाकर, आरोपी की तलाश तेज कर दी है। इधर, लड़की को परिवार के हवाले कर परिजन राहत की सांस ले रहे हैं।

### लव जिहाद का यह पहला मामला नहीं है: भाजपा महामंत्री देवी सिंह

मामला संज्ञान में आते ही मैंने जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को मामले की जानकारी दी और उनसे कहा कि यह पहला मामला नहीं है जब यहां की बेटियां लव जिहाद का शिकार हो रही है आप तत्काल कार्यवाही करें वरना हिन्दू समाज में आक्रोश फैल गया तो वो किसके नियंत्रण में नहीं रहेगा, और ऐसे अपराधियों को सजा दिलाने के लिए न्यायालय की शरण लेगी। इस पर पुलिस ने भी तत्परता दिखाई और 24 घंटे के अंदर बेटी को दस्तयब कर माता-पिता को सोपा गया है। उम्मीद है आगे से भी कोतवाली के साथ ही जिले का पुलिस बल इसी ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा के साथ काम करेगा।